an>

Title: Need to install machines and diagnostic equipments as per MCI norms in Lala Lajpat Rai Medical College and Sardar Ballabhbhai Patel Hospital in Meerut, Uttar Pradesh.

श्री राजेन्द्र अग्रवाल (मेरठ): माननीय अध्यक्ष महोदया, मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया के मानक के अनुसार हड्डी वार्ड में शरीर में हड्डियों की सही स्थिति का तत्काल पता लगाने वाली कम से कम दो सी.आर्म मशीन होनी चाहिए। इन मशीनों में से एक इलेक्टिव ओ.टी. तथा दूसरी मशीन इमर्जेंसी वार्ड में रखी जानी चाहिए।

मेरे क्षेत्र मेरठ में लाला लाजपत राय मेडिकल कॉलेज के साथ जुड़े हुए सरदार वल्लभभाई पटेल अस्पताल के हड्डी वार्ड में पिछले एक साल से सी.आर्म मशीन के खराब पड़े रहने से बड़े ऑपरेशन करने में समस्या आ रही है। इसके परिणामस्वरूप कुछ मरीजों को बाहर प्राइवेट अस्पतालों में अत्यधिक खर्चे पर ऑपरेशन कराने पड़ रहे हैं जबकि गरीब मरीजों का पुरानी विधि से ही ऑपरेशन किया जा रहा है। सी.आर्म मशीन के अभाव में नसें कटने और मरीज के विकलांग होने का खतरा बना रहता है। एमसीआई के मानकों के अनुसार इमर्जेंसी वार्ड में सी.टी. स्कैन होना भी जरूरी है परंतु वहाँ इसकी उपलब्धता भी नहीं है।

मेरा आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि इस अति आवश्यक सी.आर्म मशीन के खराब होने व मानकों के अनुरूप हॉस्पीटल में संसाधनों की उपलब्धता न होने से आम जन को रही समस्या का संज्ञान लेते हुए हॉस्पीटल प्रक्रियाओं के तुरन्त सतत सुचारू संचालन करने हेतु जिम्मेदार प्राधिकारियों को तुरन्त निर्देशित करने का कष्ट करें तथा यह भी सुनिश्चित करने की व्यवस्था करें कि प्रशासनिक लापरवाही तथा आपसी तालमेल का खामियाजा आम आदमी को न उठाना पड़े।

माननीय अध्यक्ष :

श्री भैरों प्रसाद मिश्र और

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री राजेन्द्र अग्रवाल द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।